# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–05.01.2025 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

1. **राष्ट्रीय जांच एजेंसी–एनआईए ने बोकारो जिले के कई जगहों पर की छापेमारी, कई डिजिटल दस्तावेज जब्त, भाकपा माओवादी बच्चा सिंह को किया गिरफ्तार।**
2. **सीआईडी ने जेएसएससी–सीजीएल पेपर लीक मामले में साक्ष्य जुटाने के लिए जारी किया मोबाइल नंबर और ईमेल आइडी, परीक्षार्थियों और आम लोगों से मांगा सहयोग।**
3. **राज्य सरकार ने ठंड को देखते हुए नर्सरी से आठवीं तक की कक्षा को बंद करने का जारी किया आदेश, मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक बादल छाये रहने का जताया अनुमान।**
4. **रेलवे ने विकास कार्यों को लेकर 7 से 16 जनवरी तक कई ट्रेनों को किया रद्द, कई ट्रेनों के मार्ग में किया गया परिवर्तन।**
5. **68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता आज से रांची में हो रही शुरू, छह हजार से अधिक खिलाड़ी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।**

********************

राष्ट्रीय जांच एजेंसी–एनआईए ने नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों पर हमले के मामले में कल बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड के विभिन्न जगहों पर छापेमारी की। इस दौरान जांच एजेंसी ने कई डिजिटल दस्तावेज जब्त किया। वहीं एनआईए ने भाकपा माओवादियों के षड्यंत्र मामले में झारखंड के बोकारो जिले के गोविंदपुर निवासी बच्चा सिंह उर्फ बच्चा बाबू सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपी प्रतिबंधित भाकपा माओवादी और उसके शीर्ष नेताओं के साथ सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ था। वह संगठन की विचारधारा को बढ़ावा देने और इसकी गतिविधियों को मजबूत करने के लिए धन संग्रह में शामिल था।

********************

जेएसएससी–सीजीएल पेपर लीक मामले में सीआईडी ने परीक्षार्थियों और आम लोगों से अपील करते हुए साक्ष्य या जानकारी मांगी है। सीआईडी ने इसके लिए मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी जारी किए हैं। सीआईडी ने कहा है कि जेएसएससी–सीजीएल परीक्षा 2023 में कथित गड़बड़ी और अनियमितता के संबंध में किसी परीक्षार्थी या अन्य किसी के पास कोई साक्ष्य या कोई अन्य जानकारी है तो मोबाइल नंबर **9934309058** और ईमेल आईडी पर उपलब्ध करा सकते हैं।

********************

राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने केंद्र सरकार से मनरेगा मजदूरी बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने केंद्र सरकार से मजदूरी दर को कम से कम इसे 350 रुपये करने का आग्रह किया है। उन्होंने मनरेगा का 523 करोड़ रुपये बकाया भुगतान करने की भी मांग की है।

********************

मंइयां सम्मान योजना समारोह कल रांची के नामकोम में आयोजित किया जा रहा है। झामुमो के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने बताया कि इस समारोह से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 56 लाख लाभुक महिलाओं के खाते में दो किस्त के रूप में पांच हजार रूपये ट्रांसफर करेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर अधिक सजग है।

********************

राज्य सरकार बजट 2025–2026 के लिए आम लोगों से सुझाव प्राप्त करने के लिए आज अबुआ बजट पोर्टल और मोबाइल एप का शुभारंभ करेगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज दोपहर इसकी शुरूआत करेंगे। सुझाव देने के लिए सरकार ने 17 जनवरी 2025 अंतिम तारीख तय किया है।

********************

राज्य सरकार ने छह जनवरी सोमवार को गुरु गोविंद सिंह जयंती के अवसर पर कार्यपालक आदेश के तहत अवकाश घोषित किया है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग में 4 जनवरी की तिथि से अधिक सूचना जारी की है, यानी 6 जनवरी को राज्य के सभी सरकारी कार्यालय और प्रतिष्ठान बंद रहेंगे।

********************

झारखंड में पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए सरकार ने नर्सरी से कक्षा आठ तक के सभी सरकारी और निजी स्कूलों को 7 से 13 जनवरी तक बंद रखने का निर्देश जारी किया है। शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से जारी पत्र के अनुसार कक्षा 9 से कक्षा 12 तक की कक्षाएं जारी रहेंगी। इससे पहले रांची के उपायुक्त ने भी जिले के सभी स्कूलों को ठंड को देखते हुए छह और सात जनवरी को बंद रखने का आदेश जारी किया है।

********************

मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक राजधानी रांची और इसके आस–पास के जिलों में हल्के बादल छाये रहने का अनुमान जताया है। विभाग के अनुसार दो दिनों तक ठंड से थोड़ी राहत मिलेगी। इस दौरान न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री की बढ़ोत्तरी देखने को मिलेगी। विभाग से जारी रिपोर्ट के अनुसार सात जनवरी से बादल छंटेगा जिससे अधिक ठंड का एहसास होगा।

********************

रांची के सिरम टोली–मेकॉन फ्लाइओवर के निर्माण कार्य को देखते हुए रेलवे ने 7 से 16 जनवरी तक निर्माण कार्य कराने वाली एजेंसी को ब्लॉक दिया है। इस दौरान रेलवे ट्रैक के ऊपर केबल स्टे ब्रिज के सेगमेंट जोड़ने का कार्य किया जायेगा। इस वजह से कई ट्रेनों को रद्द किया गया है जबकि कई ट्रेनों के रूट में बदलाव किया गया है। जानकारी के अनुसार 7 से 12 जनवरी तक 4 घंटे का ब्लॉक रहेगा जबकि 13 से 16 जनवरी तक रोजाना 2 घंटे का ब्लॉक दिया गया है।

********************

साहेबगंज जिले में धान अधिप्राप्ति के लिए ई उपार्जन पोर्टल पर निबंधन करने का कार्य चल रहा है। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं

********************

दुमका जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दुमका–रामपुरहाट मुख्य पथ पर दासोरायडीह के समीप स्थित पेट्रोल पंप के पास ऑटो और धान लदे ट्रक की आमने–सामने की टक्कर में दो महिला सहित चार की मौत हो गई। घटना में छह से ज्यादा लोक घायल हो गए।

********************

68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता आज से रांची में शुरु हो रही है। राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन इसका उदघाटन करेंगे। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने झारखंड को

एथलेटिक्स, टेनिस, साइकिलिंग और हॉकी स्पर्द्धाओं की मेजबानी सौंपी है। खेलगांव के मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित इस प्रतियोगिता में छह हजार से अधिक खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

********************

हॉकी इंडिया लीग में कल रात राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने दिल्ली एसजी पाइपर्स को 3–1 से पराजित कर दिया। वहीं दूसरे मुकाबले में गोनासिका की टीम ने हैदराबाद तूफांस को 3–1 से हराकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत हासिल की।

********************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

- रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राज्य में ठंड को लेकर कक्षा केजी से आठवीं तक स्कूल बंद रखने के शिक्षा विभाग के आदेश की खबर को प्रमुखता दी है। इसके अलावा.....
- **प्रभात खबर** ने बोकारो में एनआईए की छापेमारी और माओवादी बच्चा सिंह की गिरफ्तारी की खबर को सुर्खी बनायी है।
- **हिन्दुस्तान** ने गुमला में डेढ़ वर्षीय बच्ची की हत्या करने की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।
- **दैनिक जागरण** ने केंद्र सरकार के हवाले से लिखा है–एचएमपीवी से निबटने के लिए सरकार तैयार।
- **दैनिक भास्कर और अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया** ने बांदीपोरा में सेना का वाहन खाई में गिरने और चार जवानों की मौत की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।

*********समाप्त***********